ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)

# परीक्षा समिति की कार्यवाही

**दिनांक 20.10.2021 को अपराह्न 12:30 बजे सभागार में सम्पन्न परीक्षा समिति की बैठक की कार्यवाही**

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहें :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 अनिल कुमार शुक्ल, कुलपति | – | अध्यक्ष। |
| 2. | प्रो0 मसऊद आलम | – | सदस्य। |
| 3. | प्रो0 सैय्यद हैदर अली | – | सदस्य। |
| 4. | प्रो0 एस0एस0ए0 अशरफी | – | सदस्य। |
| 5. | प्रो0 सौबान सईद | – | सदस्य। |
| 6. | डॉ0 जावेद अख़तर | – | सदस्य। |
| 7. | डॉ0 रूचिता सुजए चौधरी | – | सदस्य। |
| 8. | डॉ0 उधम सिंह | – | सदस्य। |
| 9. | श्री प्रवीण कुमार त्रिपाठी | – | सदस्य। |
| 10. | डॉ0 रज़ा अब्बास हैदरी | – | विशेष आमंत्रित। |
| 11. | डॉ0 अताउर रहमान आज़मी, उप परीक्षा नियंत्रक | – | विशेष आमंत्रित। |
| 12. | श्री संजय कुमार, कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक | – | सचिव। |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारभ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया। तदक्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

**बिन्दु सं0–1 परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 06.09.2021 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टीकरण पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा पूर्व में सम्पन्न बैठक दिनांक 06.09.2021 की कार्यवाही को यथावत् सम्पुष्ट किया गया।।

**बिन्दु सं0–2 स्नातक द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर एवं परास्नातक द्वितीय सेमेटस्टर के प्रोन्नत परीक्षाफल से विश्वविद्यालय अध्यादेश में प्रोन्नत किये जाने सम्बंधी व्यवस्था को कोरोना काल में माफ करने सम्बंधी माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन की संस्तुति।**

परीक्षा समिति द्वारा कोरोना महामारी के दृष्टिगत स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर के प्रोन्नत परीक्षाफल में प्रोन्नत सम्बंधी व्यवस्था केवल सत्र 2020–21 हेतु लागू किये जाने सम्बंधी माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**बिन्दु सं0–3 सत्र 2020–21 की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा किन्ही कारणों से अनुपस्थित हुए अभ्यर्थियों को कोरोना महामारी के कारण पुनः एक अवसर स्पेशल बैक पेपर–2 के रुप में प्रदान किये जाने पर विचार एवं तिथि निर्धारण।**

परीक्षा समिति द्वारा प्रार्थी अभ्यर्थियों के भविष्य एवं कोरोना महामारी के दृष्टिगत स्पेशल बैक पेपर–2 सम्पादित कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। स्पेशल बैक पेपर–2 सम्पादित कराये जाने हेतु निम्नानुसार तिथियों का निर्धारण किया गया–

Add:- Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow -226013 U.P. (India) Contact:- 0522-2774041-45, Fax-05222774046
Website:- www.uafulucknow.ac.in, Email:- upuafulucknow@gmail.com

1. स्पेशल बैक पेपर–2 में अर्ह अभ्यर्थियों से दिनांक 25.10.2021 तक परीक्षाफार्म भरवा लिया जाए।
2. स्पेशल बैक पेपर–2 परीक्षा दिनांक 28.10.2021 से दिनांक 30.10.2021 के मध्य सम्पादित करा ली जाए।

**बिन्दु सं0–4 उर्दू विभाग के शोधार्थी श्री मुख़्तार का कोर्स वर्क परीक्षा सम्पादित कराये जाने सम्बंधी प्रार्थना पत्र पर विचार विमर्श।**

परीक्षा समिति द्वारा उर्दू विभाग के शोधार्थी श्री मुख़्तार की कोर्स वर्क परीक्षा स्पेशल बैक पेपर–2 की परीक्षा के साथ सम्पादित कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–5 माननीय उच्चतम न्यायालय के SLP 13345/2021 दिनांक 04.10.2021 के आदेश के अनुपालन में बी0ए0 आनर्स इतिहास विभाग (नान सी0बी0सी0एस0) के विद्यार्थी श्री अहमद रज़ा ख़ान रोल नम्बंर 1701010 की षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाऐं सम्पादित कराये जाने पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा प्रकरण में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश जिसमें परीक्षाऐं माह मई 2022 में कराये जाने का उल्लेख किया गया है के अनुपालन में श्री अहमद रज़ा की षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षा माह मई-2022 में सम्पादित कराये जाने की संस्तुति की गयी।

**बिन्दु सं0–6 परीक्षा कार्यालय में विद्यार्थियों का विभिन्न प्रकार का डाटा एक समान रूप में उपलब्ध न होने के कारण समय समय पर शासन, नैक एवं डिजिलाकर से सम्बंधित सूचनाऐं प्रेषित किये जाने में होने वाली समस्याओं पर विचार।**

परीक्षा कार्यालय से समय–समय पर मांगे जा रहे विभिन्न प्रकार के डेटा को डिजिलाकर पर अप्लोड करने में होने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा डॉ0 रज़ा अब्बास हैदरी, सहायक आचार्य, कम्प्यूटर साईस एवं आई0टी0 विभाग को अधिकृत किया गया।

**बिन्दु सं0–7 सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु उपाधि वितरण शुल्क के निर्धारण पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 में उत्तीर्ण होने वाले अंतिम सेमेस्टर के समस्त परीक्षार्थियों से उपाधि शुल्क के रुप में रू0 500/– लिये जाने की संस्तुति करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु वित्त समिति को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया।

**बिन्दु सं0–8 परीक्षा से सम्बंधित समस्त सारणीयन पंजिकाओं (Tabulation Charts) के Digitalization कराये जाने हेतु समिति द्वारा सहमति प्रदान किये जाने पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा कार्यालय में उपलब्ध समस्त सारणीयन पंजिकाओं (Tabulation Charts) के Digitalization कराये जाने सम्बंधी प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए व्ययभार के आकलन हेतु वित्त समिति की अनुमति प्राप्त किये जाने का निर्णय लिया गया।

(संजय कुमार)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव

(प्रो0 अनिल कुमार शुक्ल)
कुलपति/अध्यक्ष